सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

**20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का हुआ समापन।**

**समर्थ जैन रहे टूर्नामेंट के ओवरऑल चैंपियन।**

**विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत।**

**राजभवन नैनीताल 01 जून, 2025**

राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 30 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2025'' रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता नुसरत अब्बासी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता सुधीर सिंह और उपविजेता कर्नल संजीव पंत रहे।

टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एस. सी. गुप्ता विजेता और एस. के. सूरी उपविजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टि धौन विजेता और शरण्या साह उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और नरोत्तम दास उपविजेता रहे। मास्टर भव्य रतन को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15–17 आयु वर्ग में अमायरा बजाज विजेता और ऐमीर उस्मानी उपविजेता रहे। (12–14) आयु वर्ग में समृद्ध चंद ठाकुर विजेता और मेधांश बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रूशांक प्रताप सिंह सिजवाली विजेता और मोहम्मद माज मंसूर उपविजेता घोषित किए गए।

राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों ने न केवल खेल का आनंद लिया होगा, बल्कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने भी उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव मिला होगा। राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलने का अनुभव सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन उत्तराखण्ड की सुंदरता और मेहमाननवाजी को अपने साथ लेकर जाएंगे, और इससे राज्य का पर्यटन प्रचार भी होगा।

राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए भी खोला गया है, ताकि युवाओं में गोल्फ के प्रति रूचि उत्पन्न हो सके। गोल्फ को लोकप्रिय और इससे आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी वर्षों में टूर्नामेंट को और अधिक प्रभावी और भव्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राज्यपाल ने

इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोजकों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को, और विशेष रूप से राजभवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, अपर सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सचिव राजभवन गोल्फ क्लब अमित श्रीवास्तव, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सदस्य राजभवन गोल्फ क्लब सुमित कुमार शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डॉ. सचिन चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एस. ए. निमकर, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

..........0..........